23 मार्च, 2023 माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा

# युवाओं को कला प्रशिक्षण-फैलोशिप-2023
## सामान्य दिशा-निर्देश

## परिचय

प्रदेश के युवाओं में कलाओं यथा - गायन, वादन, नृत्य, नाट्य, चित्र, शिल्प आदि के प्रति अभिरूचि पैदा करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के माध्यम से प्रदेश के एक हजार युवा कलाकारों (प्रत्येक जिले हेतु लगभग 20 कलाकार) को 3 महीने की अवधि के लिए 10 हज़ार रुपये मासिक प्रशिक्षण-फैलोशिप प्रदान करने का निर्णय लिया है। फैलोशिप के लिये प्रदेश के 18 से 35 वर्ष आयु तक के युवा आवेदन कर सकते हैं ।

## पात्रता

1. प्रदेश के ऐसे युवा जो ऊपर वर्णित कलाओं में से किसी एक कला विधा में प्रशिक्षण के उत्सुक हों।
2. आवेदक की उम्र 18 से अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए।

## अवधि एवं मानदेय राशि

1. यह प्रशिक्षण फैलोशिप की अधिकतम अवधि तीन माह होगी।
2. फैलोशिप के अंतर्गत चयनित व्यक्ति को प्रतिमाह रू .दस हजार प्रदान किये जायेंगे।
3. फैलोशिप प्रदान करने का स्वरूप स्वीकृति के समय स्पष्ट परिभाषित किया जायेगा।

## प्रशिक्षण

विभाग द्वारा कला के क्षेत्र में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध शासकीय संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर, शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय, उज्जैन, शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर, शासकीय संगीत महाविद्यालय, धार, शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर, शासकीय संगीत महाविद्यालय, नरसिंहगढ, शासकीय ललित कला

निरंतर ......... 02

महाविद्यालय, ग्वालियर, शासकीय ललित कला महाविद्यालय, इंदौर, शासकीय ललित कला महाविद्यालय, धार, शासकीय ललित कला महाविद्यालय, जबलपुर, शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालय, खण्डवा, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल संचालित किये जाते हैं। महाविद्यालयों में विविध कलानुशासनों का शिक्षण प्रदान किया जाता है। योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रदेश के जिलों से चयनित युवाओं को इन महाविद्यालयों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं फैलोशिप प्रदान की जायेगी।

## आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय श्यामला हिल्स, भोपाल, 462002 पर ऑफलाइन डाक द्वारा एवं मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की वेबसाइट www.mptribalmuseum.com के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे और विज्ञापन में उल्लेखित समय सीमा पर ही प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन की जानकारी वेबसाइट, सोशल मीडिया, अखबार में विज्ञापन के माध्यम से दी जायेगी।

1. आवेदन में विस्तृत जानकारी, जन्मस्थान, जन्मतिथि, स्थायी पता, जिसमें नाम (बायोडाटा), आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, पासबुक की छायाप्रति, मोबाइल नम्बर छायाप्रति संलग्न होना चाहिए।

## प्रशिक्षण फैलोशिप के लिए प्रक्रिया

1. फैलोशिप प्राप्त करने के लिए प्रेषित आवेदन पत्रों का परीक्षण संस्कृति संचालनालय द्वारा गठित समिति से किया जायेगा।
2. इस प्रयोजन के लिए संबंधित युवा का परीक्षा एवं साक्षात्कार किया जाएगा।
3. समिति का निर्णय अंतिम होगा। आवेदन बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकेगा।

------

निरंतर........3

# प्रशिक्षण हेतु संस्कृति विभाग द्वारा संचालित कला एवं संगीत महाविद्यालयों की विषयवार जानकारी

महाविद्यालय एवं कला विधाएँ (शास्त्रीय, जनजातीय एवं लोक) :-

1. **शासकीय संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर -**
   गायन, वादन(सितार, तबला, वेला), नृत्य
2. शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर
   गायन, वादन (तबला)
3. शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय, उज्जैन
   गायन, वादन (तबला, सितार, हारमोनियन, वायलिन, सारंगी), नृत्य (कथक)
4. **शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर**
   गायन, वादन (तबला, वायलिन), नृत्य
5. **शासकीय संगीत महाविद्यालय, धार**
   गायन, (तबला, वायलिन)
6. **शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर**
   गायन, वादन (वायलिन, सितार, सरोद, तबला), नृत्य (कथक)
7. शासकीय संगीत महाविद्यालय, नरसिंहगढ़
   गायन, वादन (तबला, वायलिन), नृत्य
8. **शासकीय ललित कला महाविद्यालय, ग्वालियर**
   शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला)
9. **शासकीय ललित कला महाविद्यालय, इंदौर**
   शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला)
10. **शासकीय ललित कला महाविद्यालय, धार**
    शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला)
11. **शासकीय ललित कला महाविद्यालय, जबलपुर**
    शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला)
12. **शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालय, खण्डवा**
    गायन, वादन( तबला, सितार, हारमोनियम, वायलिन), नृत्य( कथक),
    शिल्प(चित्रकला, मूर्तिकला)
13. **मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल**
    नाट्य

निरंतर.......4

विज्ञापन प्रारूप

## प्रदेश के युवाओं को कला प्रशिक्षण हेतु फैलोशिप

### आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं-

प्रदेश के जिज्ञासु युवकों को शास्त्रीय, जनजातीय एवं लोक कला विधाओं हेतु वर्ष 2023-24 में (तीन माह के लिये) गायन, वादन, नृत्य, नाट्य, चित्र, शिल्प (चित्रकला, मूर्तिकला) कलानुशासनों में प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

### पात्रता

आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष की होनी चाहिये। चयन के उपरांत आवेदकों को उनके आवेदन में वर्णित कला विधा के अनुसार मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संचालित कला एवं संगीत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### आवेदन प्रारूप

1. नाम
2. स्थायी पता
3. जन्मतिथि/स्थान
4. पासपोर्ट आकार का स्वप्रमाणित छायाचित्र
5. कला विधा का नाम (जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करना है।)
6. मोबाइल नंबर
7. आवेदन के साथ पासबुक, पेनकार्ड, आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न की जाये

आवेदक अपना आवेदन दिनांक .............................. तक ईमेल mptmfellowship@gmail.com पर अथवा डाक के माध्यम से निदेशक, मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स भोपाल, 462002 पते पर भेजें। अधिक जानकारी एवं फैलोशिप प्रशिक्षण से जुड़े नियम व शर्तों के लिये वेबसाइट www.mptribalmuseum.com पर जायें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं होगा। प्रत्येक जिले से 20-20 आवेदकों का ही चयन किया जायेगा। इस हेतु परीक्षा एवं साक्षात्कार चयन हेतु प्रक्रिया होगी।

----